# कौन सी किताब में लिखा है ब्रिज पर 90 डिग्री का मोड़ नहीं बनता?

▸ बोली पीडब्ल्यूडी प्रभारी कार्यपालन यंत्री

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर में दो ब्रिज की भुजा को लेकर पीडब्ल्यूडी की इंजीनियरिग पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे है. जब इस विषय में बात की गई तो पीडब्ल्यूडी की प्रभारी कार्यपालन यंत्री कहती है कि कौन सी किताब में लिखा है कि 90 डिग्री मोड का ब्रिज नही बन सकता है? उक्त कार्यपालन यंत्री से पूछना चाहिए कि कौन सी किताब में लिखा है कि 90 मोड का ब्रिज बनाकर दुर्घटना स्थल बनाया जाता है.**

इंदौर के बाणगंगा रेलवे ओवर ब्रिज की एक भुजा का पीलर मरीमता से उज्जैन रोड को जाने वाले ब्रिज से चिपकाकर बनाया गया है.



पुराने ब्रिज के पास खा नए ब्रिज का पीलर और 90 डिग्री के एंगल पर खुदा पीलर के गड्डे के बाहर बोर्ड।



यह सबूत की पीडब्ल्यूडी ने पूर्व में ब्रिज पर और बाद में 90 डिग्री के पीलर को तोड़ने के सबूत.

वर्तमान स्थिति में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित उक्त ब्रिज खातीपुरा से उज्जैन रोड की तरफ मुड़ेगा. अब सवाल उठता है कि जब ब्रिज का आखरी पीलर ही पुराने ब्रिज पर खड़ा है। उस स्थिति में मोड़ जिफको अंग्रेजी में कर्व कहते है वो कितने एंगल मुड़ेगी? इस बारे में जब इंदौर की



इंदौर के बाणगंगा में भी बन रहा है 90 डिग्री वाला ब्रिज!

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की 'इंजीनियरिंग' का अजूबा

नवभारत ने 25 जून को ब्रेक कर दिया था...

भोपाल की तर्ज पर इंदौर में भी 90 डिग्री का बन रहा ब्रिज!

प्रभारी कार्यपालन यंत्री गुरमीत कौर से बात की गई तो उन्होंने सवाल किया कि किस किताब में लिखा है कि ब्रिज पर 90 डिग्री का मोड़ नहीं बनता है? अभी तक दोनों ब्रिज के पीलर सही खड़े हुए है. ब्रिज पूर्णतया सही बन रहे है. कर्व की डिजाइन को देख रहे है. जब प्रभारी कार्यपालन यंत्री कौर से कहा कि आप ब्रिज की डिजाइन दे दीजिए या बता दीजिए, तो उन्होंने एक बैठके होने का कहकर कॉल काट दिया. स्वयं को एमटेक डिग्रीधारी होने का बताने वाली प्रभारी कार्यपालन यंत्री से सवाल है कि किस किताब में लिखा है कि ब्रिज का मोड 90 डिग्री का होना चाहिए और दुर्घटना स्थल बनना चाहिए?

# आज दिल्ली में घोषित होंगे स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार

▸ राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होंगे सुपर स्वच्छ लीग विजेता शहर

▸ राजबाड़ा और निगम परिसर में लाइव प्रसारण

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज स्वच्छता सर्वेक्षण और स्वच्छता लीग के पुरस्कार घोषित होंगे. दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में विजेता शहरों को पुरस्कृत किया जाएगा. इंदौर में उक्त पुरस्कार समारोह का लाइव प्रसारण राजबाड़ा और नगर निगम परिसर में किया जाएगा.**

स्वच्छता सर्वेक्षण और स्वच्छता लीग 2024 के पुरस्कारों की आज घोषणा होगी. ऐसी जानकारी मिल रही है कि इंदौर ने स्वच्छता लीग में भी दूसरे शहरों के पछाड़ दिया है और फिर सिरमौर होकर सरताज हो गया है. देश के सबसे साफ 12 शहरों के एलआईजी में इंदौर को शदमिल किया गया था. इंदौर के अधिकारियों, सफाईकर्मियों के मेहनत और जनभागीदारी के प्रयासों से स्वच्छता लीग में भी बाजी मार ली है. आज सुबह 11 बजे दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विभिन्न केटेगरी में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान और लीग में ग्रेड के अनुसार विजेता शहरों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छताकर्मियो को सम्मानित करेगी.

### शहरवासियों को बधाई और शुभकामनाएं - महापौर



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इजराइल से इंदौर शहर वासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इंदौर स्वच्छता लीग में भी सरताज और सिरमौर बना है. इसी खबर आ रही है. मैं निगम के सभी अधिकारियों, सफाई मित्रों और जनभागीदारी एसडी शहर कर विकास में अथक सहयोग देने के लिए सभी को शुभकामनाएं देता हूं. इंदौर ने एक बार फिर वॉटर प्लस सिटी और सेवन स्टार रेंकिंग भी हासिल की है. राष्ट्रपति मोहदया द्वारा आज सम्मानित होंगे. पुन: इस गर्वित क्षण के सहभागी सभी की बधाई.

# कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर खींचतान

▸ जो दावेदार नहीं उनके नाम जोड़े

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. गुजरात की तर्ज पर प्रदेश में भी कांग्रेस संगठन सृजन अभियान चलाया है. उक्त अभियान के प्रदेश अध्यक्ष की हवा खुद प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी निकालने पर आमादा है. इंदौर में जिन्होंने अध्यक्ष की दावेदारी नहीं की, उनके नाम जुड़वा दिए है. अब देखना यह है कि एआईसीसी के पर्यवेक्षक औजला के रिपोर्ट पर निर्णय होगा या फिर पुराना ढर्रा चलेगा.**

इंदौर और प्रदेश के नगर एवं जिला अध्यक्षों को दिल्ली में लेकर भारी खींचतान चल रही है. इसका कारण यह बताया जा रहा है कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी हाईकमान के अनुसार चलने को राजी नहीं हो रहे है. खासकर इंदौर के मामले में. वे हर हाल में अपने समर्थक कमल छाप कांग्रेस नेता अरविंद बागड़ी को बनाने पर तुले हुए है. साथ ही प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी भी पटवारी के आभामंडल में घिर चुके है.

इंदौर में अमन बजाज, राजू भदौरिया, सुरजीत चड्ढा ने गंभीरता से दावेदारी की है. उक्त तीनों नामों को लेकर एआईसीसी पर्यवेक्षक और पंजाब अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला ने रिपोर्ट दी है. प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने चिंटू चौकसे और पिंटू जोशी का नाम भी दावेदारों में जुड़वा दिया है. एआईसीसी ने पहले ही तय कर दिया है कि जो अध्यक्ष बनेगा, वो चुनाव नहीं लड़ पाएगा. इस आधार पर जोशी और चौकसे ने दावेदारी ही नहीं जताई है. पिंटू जोशी ने अमन बजाज और चिंटू चौकसे ने राजू भदौरिया का समर्थन किया है.

### युवाओं को मिलेगा मौका!

बताया जा रहा है कि पटवारी ने अरविंद बागड़ी के लिए, जिन्होंने दावेदारी नहीं की है, उनके नाम जुड़वा कर मामला अटकाने के साथ विवादित बनाया है. ध्यान रहे कि अहमदाबाद अधिवेशन में राहुल गांधी ने गुजरात की तर्ज पर संगठन सृजन अभियान के साफ संदेश दे दिया था कि अब पुराने और उम्र दराज नेता की जगह युवा को मौका मिलेगा. बजाज और भदौरिया दोनों युवा है. वहीं पटवारी समर्थक बागड़ी 60 के करीब पहुंच चुके है और उनकी पार्टी के प्रति विश्वसनीयता संदेहस्पद है.

# सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेवा कार्य के साथ मनाया स्थापना दिवस

## टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन इंदौर ने मनाया 68 वां स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन इंदौर ने अपना 68 वाँ स्थापना दिवस मनाया. सेवा कार्यो से उत्सव का प्रारंभ हुआ. इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत संध्या, लाफ्टर शो एवं स्नेह भोज का भी आयोजन हुआ**

टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सीए जेपी सराफ ने बताया कि शहर की सबसे प्राचीन कर सलाहकारों की संस्था टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन इंदौर की स्थापना 14 जुलाई 1958 को हुई एवं इसके प्रथम प्रेसिडेंट एसटी शाह एवं प्रथम सचिव बी डी मोलासरिया थे. टीपीए के सचिव सीए डॉ अभय शर्मा ने बताया कि टीपीए सिर्फ एक संस्था ही नहीं वरन सदस्यों के सर्वांगीण पेशेवर विकास के लिए प्रतिबद्धित एक मिशन है. 20 सदस्यों से प्रारम्भ हुई इस संस्था में आज 648 सदस्य हैं. संस्था निरंतर प्रोफेशनल अपडेशन तथा अपग्रेडेशन, रिप्रेसेंटेशन कार्यों में सलग्न रहती है.

सदस्यों एवं विभाग के अधिकारियों के बीच समन्वय एवं संवाद बना रहे इस हेतु आयकर विभाग के साथ प्रति वर्ष टीपीए द्वारा होली मिलन एवं दिवाली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता.

इस वर्ष स्थापना दिवस के कार्यक्रमों का प्रारम्भ सेवा कार्यों के साथ किया गया. इंदौर के पालदा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में टीपीए की और से एक मल्टीमीडिया टीवी भेंट की तथा विद्यार्थियों से संवाद किया.




### संगीत संध्या व लाफ्टर शो

जाल ओडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत संध्या, लाफ्टर शो एवं स्नेह भोज का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सर्वप्रथम टीपीए कार्यकारिणी द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी. टीपीए के वर्ष 2023-25 की कार्यकारिणी की गतिविधियों पर एक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया. लाफ्टर शो में स्टैंड अप कॉमेडियन अंकित सिसोदिया ने सदस्यों को खूब लोटपोट किया. सञ्चालन टीपीए के सचिव सीए डॉ अभय शर्मा एवं सह सचिव सीए प्रणय गोयल ने किया. इस अवसर पर सीए शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, प्रमोद गर्ग, दीपक माहेश्वरी, कृष्णा गर्ग, संकेत मेहता, उमेश गोयल, प्रणय गोयल, मनोज पी गुप्ता, नीलेन्दु दवे, विजय बंसल, अविनाश अग्रवाल, अभिषेक गांग, सीए सुनील पी जैन, गोविन्द गोयल सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे.



# धरावरा धाम पर अयोध्या के रामायणी सदस्यों द्वारा अखंड रामायण का पाठ

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. श्रावण मास में धार रोड स्थित धरावरा धाम आश्रम पर महंत स्वामी शुकदेव महाराज के सानिध्य में अयोध्या के प्रख्यात रामायणी पं. अनुरागदास एवं उनकी टीम के 9 सदस्यों द्वारा श्रावण के पहले दिन से ही अखंड रामायण पाठ का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है. ढोलक, हार्मोनियम ओर तबला की संगत पर यह आयोजन पूरे क्षेत्र में लोकप्रिय बना हुआ है.**

आश्रम प्रबंध समिति के डॉ. सुरेश चौपड़ा, ललित अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल एवं गोविंद मंगल ने बताया कि सभी सदस्य 8-8 घंटे के लिए अखंड रामायण पारायण कर रहे हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र के अलावा 20 गांवों के श्रद्धालु भी बारी-बारी से शामिल होकर पुण्य लाभ उठा रहे हैं. समिति के सीताराम नरेड़ी, गोपाल गोयल, श्रीकांत शर्मा एवं मुकेश ब्रजवासी ने बताया कि अखंड रामायण पाठ का यह सिलसिला 10 अगस्त तक जारी रहेगा. इसके बाद श्रावण के अंतिम सोमवार को दोपहर 2 बजे मंशापूर्ण महादेव की शाही सवारी का दिव्य आयोजन भी होगा, जिसमें बड़ी संख्या में शहरी एवं ग्रामीण श्रद्धालु शामिल होंगे. शाही सवारी की तैयारियां शुरू हो गई है.




# विद्यार्थियों को नि :शुल्क कॉपी वितरण

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. हिंद रक्षक समिति द्वारा पूर्व शिक्षा मंत्री दादा लक्ष्मण सिंह गौड़ की पुण्य स्मृति में नि:शुल्क कॉपी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर समिति के संयोजक एकलव्य सिंह गौड़ ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों के जीवन से अवगत हुए बिना हम भविष्य की रचना नहीं कर सकते.** आपने किशोर विद्यार्थियों को लवजिहाद से सतर्क रहने का आव्हान कर शिक्षकों से भी इस विषय पर ध्यान देने का आग्रह व्यक्त किया. हिन्द-रक्षक पुण्योदय प्रकल्प के तत्वावधान में विद्यादान का यह अनवरत 21वां वर्ष है. कापियों पर महापुरुषों के फोटो एवं उनके किए गए कार्य प्रकाशित किए गए हैं.

इस अवसर पर 1400 छात्र-छात्राओं को नि :शुल्क (5 कापी प्रत्येक) कॉपियाँ वितरित की गई. इस अवसर पर माहेश्वरी ट्रस्ट के सचिव भरत सारड़ा, रामस्वरूप मूंदड़ा, शोभा माहेश्वरी, मनीष बिसानी, पवन लड्ढा, प्रिया डांगी एमआईसी सदस्य, निलेश सारड़ा, प्राचार्य प्रतिभा कानूनगो, वंदना ओझा उपस्थित रहीं.

कार्यशाला ▸ ब्लैकि रिबन इनिशिएटिव समाधान अभियान के तहत 816वीं कार्यशाला संपन्न

# सायबर स्पेस का सुरक्षित उपयोग सायबर अपराध से बचाव : डॉ कपूर

**इंदौर. ब्लैक रिबन इनिशिएटिव समाधान अभियान के तहत विशेष पुलिस महानिदेशक डॉ. वरूण कपूर द्वारा वन विभाग के संभागीय कार्यालय इंदौर के सभागार में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये सायबर अपराध एवं सायबर सुरक्षा' विषय पर 816वीं कार्यशाला आयोजित की गई. इस कार्यशाला में वन विभाग के 57 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया. इस कार्यशाला में वन विभाग की मुख्य वन संरक्षक कार्य योजना इंदौर पद्मप्रिया बालकृष्णन एवं मुख्य संरक्षक इंदौर पी.एन. मिश्रा, एसडीओ इंदौर अमित सोलंकी, एसीएफ( एसएफ ) इंदौर धीरेन्द्र सिंह मुख्य रूप से सम्मिलित हुये.**

डॉ. कपूर ने कार्यशाला को संबोधित कर बताया कि कम्प्यूटर/इंटरनेट ने पूरे विश्व के परिदृश्य को बदल दिया है. हर क्षेत्र में इसका उपयोग हो रहा है. वर्तमान में इसके बिना कार्य को करना असंभव सा हो गया है. प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में इनका उपयोग कर रहा है. कम्प्यूटर/इंटरनेट के संयोग ने हमारे कार्यो का काफी आसान बना दिया है लेकिन इस तकनीक का दुरूपयोग करने वाला एक वर्ग भी पैदा हो गया है जो फिशिंग, बुलिंग, स्टॉकिंग इत्यादि के माध्यम से सायबर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं. सायबर अपराध की समस्या एक देशीय न होकर वैश्विक है. विश्व के किसी भी कोने से सायबर अपराध को अंजाम दिया जा सकता है. सायबर अपराध का सबसे आसान और प्रभावी तरीका फिशिंग है. फिशिंग हमला ईमेल, सोशल मीडिया या अन्य संचार माध्यमों से भेजा गया संदेश है. सायबर स्पेस के असुरक्षित उपयोग, सुरक्षा में लापरवाही एवं जानकारी के अभाव का लाभ उठाकर सायबर अपराधी सायबर अपराध की घटनाओं को अंजाम देते हैं. इसके लिये हमें सायबर सुरक्षा को महत्व देते हुये सतर्क एवं जागरूक रहना होगा. सायबर स्पेश का सुरक्षित उपयोग ही सायबर अपराध से बचाव है.




### बैंक डिटेल्स साझा न करें

डॉ. कपूर ने कहा कि सायबर अपराध से बचने के लिये हमें कुछ बातें को ध्यान में रखना होगा जैसे-अनजान नंबर से आने वाले फोन कॉल को स्वीकार न करें एवं मैसेज को ओपन न करें. पासवर्ड मजबूत बनावें और नियमित रूप से बदलते रहें एवं किसी से शेयर न करें. अपने बैंक डिटेल्स, आधार, पेन इत्यादि साझा न करें एवं बैक, ईमेल और सोशल मीडिया अकाउंट पर दोहरा आथेंटिकेशन का प्रयोग करें. सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी से करें. प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला में पूछे गये प्रश्नों का समाधान डॉ. कपूर द्वारा सहजता से किया गया. अमित सोलंकी, वन मंडलाधीकारी इंदौर ने कार्यशाला का संचालन किया. सेमिनार के सफल संचालन में सहा. सेनानी नीति दण्डोतिया एवं उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### एक नजर में

## पंजाब नेशनल बैंक का रिटेल आउटरीच कार्यक्रम आज

इंदौर. पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 17 जुलाई को रिटेल आउटरीच का आयोजन देश भर में किया जा रहा है. इसी तारतम्य में बैंक के इंदौर मंडल की शाखाओं में भी रिटेल आउटरीच का आयोजन किया जा रहा है. मुख्य आयोजन इंदौर में निपानिया स्कीम नंबर 134 स्थित साहिल ग्रैंड में होगा. इस संबंध में जानकारी देते हुए इंदौर मंडल प्रमुख अनिल कुमार अनल ने बताया कि बैंक के पास रिटेल लोन स्कीम में अनेक प्रोडक्ट हैं जो ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैंक ने तैयार किए है. खासकर नए मकानों, जमीन, फ्लैट की खरीदी के लिए, नए वाहनों की खरीदी हेतु, एजुकेशन लोन आदि रिटेल श्रेणी में आते हैं जो बहुत ही कम ब्याज दर पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध है. 17 जुलाई के रिटेल आउटरीच कार्यक्रम में उक्त सभी ऋणों के बारे में ग्राहकों को जानकारी दी जाएगी. साथ ही पात्र ग्राहकों के ऋण तत्काल स्वीकृत भी किए जाएंगे. शहरी क्षेत्रों में स्थित शाखाओं में उक्त ऋणों की मांग अधिक होने से बैंक ने रिटेल आउटरीच की व्यापक तैयारी की है. निपानिया स्कीम नंबर 134 स्थित साहिल ग्रैंड में प्रधान कार्यालय दिल्ली से डीजीएम मुकेश व्यास एवं बैंक के अन्य उच्च अधिकारी भी ग्राहकों के मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहेंगे. पंजाब नेशनल बैंक द्वारा इंदौर की सभी शाखाओं में भी रिटेल आउटरीच कार्यक्रम की व्यापक तैयारी की गई है.

## मैहर के पं. मोहनलाल भोपाल में सम्मानित



इंदौर. मां शारदा देवीधाम मैहर के सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित मोहनलाल द्विवेदी को प्रदेश की राजधानी भोपाल के विज्ञान भवन के विशाल सभागार में देश भर से पधारे विद्वानों के समक्ष सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई. ज्योतिष मठ संस्थान भोपाल एवं कालिदास अकादमी उज्जैन के संयुक्त संयोजकत्व में पंडित विनोद गौतम के नेतृत्व में दो दिवसीय 12 एवं 13 जुलाई को कालिदास राष्ट्रीय महर्षि ज्योतिष सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें देश के 12 राज्यों से 250 ज्योतिष के विद्वानों के साथ संत, महात्मा, महामंडलेश्वर और राजनेताओं ने भाग लिया जिसमें सर्वश्री भोपाल सांसद आलोक शर्मा, पूर्व सांसद व वर्तमान पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया, परशुराम बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया, पूर्व मंत्री पी सी शर्मा, कालिदास अकादमी के प्रमुख अनिल कोठारी, महामंडलेश्वर रामशंकर तिवारी एवं सुनील शुक्ला, नंदकिशोर जी उत्तराखंड राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त, ब्रम्हकुमारी बहन नीता दीदी, पंडित दिनेश गुरुजी, हरिओम जोशी, अल्पना शुक्ला, विनोद आनंद पांडे, कृपाशंकर उपाध्याय आदि ने प्रमुख रूप से शिरकत की.

## जैन को देवभूमि राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार




इंदौर. म.प्र. आयुष निर्माता संघ के सदस्य और प्रतिष्ठित हर्बल उत्पादक कंपनी के प्रमुख संजीव जैन को उत्तराखंड सरकार द्वारा देहरादून में आयोजित एक समारोह में आयुष मंत्री सुबोध उनियाल ने 'देवभूनि राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किया. म.प्र. आयुष निर्माता संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेश सेठिया एवं सचिव ऋषभ पाटनी ने बताया कि जैन को भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सिकल सेल एनीमिया जैसी जानलेवा बीमारी के उन्मूलन अभियान में अपने प्रतिष्ठान के माध्यम से हर्बल उत्पाद के लिए इनोवेटिव ब्रांड ऑफ द इयर कैटेगिरी में उक्त पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है. आयुष निर्माता संघ के आशीष दुबे, पुखराज जैन एवं अजय दसौंधी ने उत्तराखंड सरकार द्वारा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के प्रसंग को मध्यप्रदेश एवं विशेषकर इंदौर के औषधि निर्माताओं के लिए गौरव का विषय बताया है.

## हनुमान मन्दिर पर आज से शिव महापुराण कथा

इंदौर. श्री वैष्णवी ग्रुप महिला मंडल की ओर से 17 से 23 जुलाई तक शिव महा पुराण कथा का आयोजन श्री विजय मारुति हनुमान मँदिर नवरत्नबाग में किया जा रहा है.



महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में महा मंडलेश्वर योगेश्वरनाथ महाराज रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक अमृत वर्षा करेंगे. यह जानकारी देते हुए प्रवीण जोशी ने बताया कि शिव महापुराण कथा की शुरू आत 17 जुलाई को भव्य अन्नपूर्णा कलश यात्रा से होगी. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होगी. सबसे आगे बैंड होगा और उसके बाद संत समाज होगा. कलश यात्रा गुरुवार को सुबह 9 बजे गीता भवन से शुरू होकर मनोरमागंज, कैलाश मार्ग, सेवा सरदार नगर होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी, जहाँ आतिशबाजी होगी.

## सबसे पहले लाइफ़ इंश्योरेंस अभियान

इंदौर. दिसंबर 2023 के एनआईए अध्ययन के अनुसार, भारत एक उल्लेखनीय जीवन बीमा सुरक्षा की कमी से जूझ रहा है. इस कमी का अंतर 2019 में 83% से बढ़कर 2023 में 87% हो गया है. 18 से 35 वर्ष की उम्र के लोगों में 90% से ज़्यादा की यह कमी और भी ज़्यादा साफ़ तौर पर दिखाई देती है. यह बढ़ती असुरक्षा परिवारों की वित्तीय सुरक्षा (फ़ाइनैंशियल सेक्योरिटी) और उम्मीदों के लिए एक गंभीर खतरा है. इसकी व्यापक्ता से जुड़ी चुनौती से निपटने के लिए ही भारत में सभी जीवन बीमा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली बीमा जागरूकता समिति (इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी) ने अपने राष्ट्रीय अभियान सबसे पहले लाइफ़ इंश्योरेंस के अगले चरण की शुरुआत की है। यह पहल हर भारतीय को एक नए उत्साह के साथ लाइफ़ इंश्योरेंस को अपनी वित्तीय यात्रा की बुनियाद मज़बूत बनाने, बढ़ती जागरूकता को सार्थक कार्रवाई में बदलने के लिए प्रेरित करती रहेगी. इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी के एक सदस्य ने कहा, सबसे पहले तो यह जान लें कि लाइफ़ इंश्योरेंस सिर्फ़ एक नारा नहीं है, बल्कि यह समय की एक साफ़-साफ़ पुकार है कि हम वित्तीय योजना से कैसे जुड़ते हैं, उसके लिए क्या करते हैं. धन कमाने के बाद उसे बचाना भी ज़रूरी होता है.

## अंतरराष्ट्रीय जावा-येज़दी दिवस मनाया

इंदौर. भारत के कोने-कोने से राइडर्स ने मिलकर जुलाई के दूसरे रविवार को अंतरराष्ट्रीय जावा-येज़दी दिवस के तौर पर मनाया. मणिपुर की पहाड़ियों से सुबह-सुबह की राइड हो या कोच्चि की गलियों और कोंकण के समुद्रतटों पर शाम की सवारी, क्लासिक मोटरसाइकिल ब्रांड जावा और येज़दी के फैंस शानदार स्टाइल में, रेट्रो शैली में, गर्व से राइडिंग करते हुए दिखाई दिए. फैंस द्वारा तय किया गया यह दिन अब एक उत्सव में बदल चुका है, और जावा येज़दी मोटरसाइकल्स को दो प्रतिष्ठित ब्रांड्स के राइडर समुदायों और डीलरशिप्स द्वारा संचालित सांस्कृतिक उत्साह का जश्न मनाने पर गर्व है. इस वर्ष 12 राज्यों, 20 शहरों, 18 राइडिंग समुदायों और जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स की 120 डीलरशिप्स के 6,000 से अधिक राइडर्स ने भाग लिया. क्लासिक लिजेंड्स के चीफ बिजनेस ऑफिसर शरद अग्रवाल ने कहा, युवा राइडर्स की यह बढ़ती रुचि इस बात को दर्शाती है कि क्लासिक मोटरसाइकलिंग उम्र या पुरानी यादों से नहीं, बल्कि चरित्र से जुड़ी है. क्लासिक और नियो-क्लासिक बाइक्स किसी गहरी बात को बयां करती हैं.

## एण्डटीवी ला रहा है 'घरवाली पेड़वाली'

इंदौर. एण्डटीवी एक बार फिर हास्य और नयापन का तड़का लगाते हुए लेकर आ रहा है अपना नया फिक्शन शो घरवाली पेड़वाली. पेनिन्सुला प्रोडक्शन्स ने इसे प्रोड्यूस किया है. यह एक मज़ेदार फैमिली कॉमेडी है, जिसमें है एक दिलचस्प सुपरनैचुरल ट्विस्ट. यह कहानी पृथ्वी मिश्रा नाम के भोले-भाले शख्स की है, जिसे लोग प्यार से जीतू कहकर बुलाते हैं. जीतू की जिंदगी में हमेशा डबल पैटर्न देखने को मिला है। बचपन में दो माँ-बाप ने उसकी परवरिश की, नौकरी में दो बॉस मिले और अब शादी के मामले में भी किस्मत ने उसे फंसा दिया है दो-दो पत्नियों के चक्कर में. जब वो एक प्यारी और माडर्न लड़की सावी से शादी करने जा रहा था, तभी कुंडली के चक्कर में मजबूर होकर उसे एक पेड़ से शादी करनी पड़ी. सबको लगा ये सिर्फ एक रस्म है, लेकिन अचानक उस पेड़ से एक भूतनी लतिका आ गई, जो खुद को जीतू की पत्नी मानने लगी. अब जीतू की ज़िंदगी बन गई है एक मजेदार गड़बड़झाला, जो एक बार फिर -एक घरवाली और एक पेड़वाली - के डबल डिलेमा में उलझ कर रह गई है.